


**डॉ. शालिनी वेद**
निदेशक
लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी
111/71, अशोक नगर, कानपुर


# निवेदन

लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के 16वें वार्षिकोत्सव अवतरण-2018 में सूफी कथक नृत्यनाटिका का आयोजन हो रहा है जिसमें कानपुर के रसज्ञ कलाप्रेमी सुप्रसिद्ध नृत्यांगना श्रीमती नीलम चौधरी (पटना) और उनके ग्रुप की प्रस्तुतियों से रूबरू होंगे।

इस समारोह में अपने-अपने क्षेत्र में विशिष्ट योगदान प्रदान करने वाली चार विभूतियों पंडित धर्मनाथ मिश्र को गायन और वादन, पंडित विनोद मिश्र को सारंगी वादन, श्रीमती नीलम चौधरी को कथक नृत्य और श्री कृष्णबिहारी को साहित्य के लिए **लक्ष्मी देवी कला मर्मज्ञ सम्मान** से विभूषित किया जा रहा है।

अकादमी अपने इस समारोह में प्रबंधकारिणी समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री महेश स्वरूप अग्रवाल जी को अकादमी के प्रति अमूल्य योगदान के लिए विशेष रूप से सम्मानित कर उनके स्वस्थ जीवन की कामना करती है।

अकादमी की ओर से एक बात विशेष जोर देकर कहना चाहती हूँ कि कानपुर प्रदेश में सबसे अधिक राजस्व देने वाला नगर है किन्तु यहाँ की कला व संस्कृति के विकास के लिए शासन की ओर से अब तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। कानपुर में न तो पूर्णकालिक स्वतंत्र आकाशवाणी केन्द्र है और न ही दूरदर्शन का स्थायी प्रसारण स्टूडियो। यहाँ की कला प्रतिभाओं के लिए एक भी ऐसी सरकारी योजना नहीं है जिसके माध्यम से उन्हें शिक्षित-प्रशिक्षित कर राष्ट्रीय फलक पर प्रस्तुत किया जा सके। आज आवश्यकता है कि कानपुर का कलाप्रेमी समाज इस दिशा में एकजुट होकर प्रयास करे ताकि स्थानीय कलाप्रतिभाओं को अपनी कला प्रदर्शन के लिए उचित मंच मिल सके।

विगत् समय में अन्तर्राष्ट्रीय शास्त्रीय गायिका व मेरी गुरु माँ पद्मविभूषण श्रीमती गिरिजा देवी के गोलोकवासी होने से संगीत जगत बहुत निर्धन हो गया है। उनके जाने से संगीत की दुनिया में पैदा शून्य कभी नहीं भरा जा सकेगा। लक्ष्मी देवी ललित कला के संस्थापक सदस्य श्री लक्ष्मीनारायण अग्रवाल और आजीवन सदस्य श्री किशोरीलाल गुप्त भी हमारे बीच नहीं रहे। अकादमी की स्थापना से लेकर इसकी प्रगति-यात्रा में इनका योगदान अविस्मरणीय है। अकादमी में कथक नृत्य का शिक्षण-प्रशिक्षण दे रहीं श्रीमती दीप्ति भट्ट ने भी असमय ही हमारा साथ छोड़ दिया। हम इन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

इस आयोजन में कानपुर के कलाप्रेमियों, विज्ञापन दाताओं, मीडिया और अकादमी परिवार के सभी सदस्यों द्वारा प्राप्त सहयोग के प्रति हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करते हुए आशा करती हूँ कि भविष्य में भी हमें प्रोत्साहन के साथ-साथ इनका मार्गदर्शन भी मिलता रहेगा।